आज दिनांक 23/11/2021 दिनः मंगलवार को महिला अध्यन केंद्र दुवासु, मथुरा द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम शहजादपुर पौरी , ब्लाक फरह, मथुरा में बालक बालिकाओं हेतु बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से मुख्य समन्वयक डॉ संजीव सिंह, समन्वयक डॉ रश्मि सिंह, डॉ अम्बिका शर्मा , डॉ पारुल, डॉ शालिनी वासवानी , श्रीमती अर्चना ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित कराया | कार्यक्रम में डॉ रश्मि सिंह ने बालक बालिकाओं को लैंगिक भेदभाव व किशोरावस्था से सम्बन्धित महत्वपूर्ण मुद्दों की विस्तृत जानकारी दी | लैंगिक भेदभाव सम्बन्धी सामाजिक कुरीतियों के दुष्प्रभाव को परिलक्षित करते हुए डॉ अम्बिका शर्मा ने इन सामाजिक कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का आह्वान किया | किशोरावस्था से जुड़ी अन्य उपयोगी जानकारी को डॉ पारुल , डॉ शालिनी , श्रीमती अर्चना ने समस्त किशोरों व किशोरियों से साझा की |

पूर्व माध्यमिक विद्यालय में नवम्बर माह में होने वाले बाल दिवस के उपलक्ष पर समस्त विद्यार्थियों को बाल दिवस को विशिस्ट रूप से मनाने का अवसर प्रदान किया गया | इस संदर्भ में विशेषतः बालक बालिकाओं हेतु प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमे से मुख्यतः नीबू रेस , 100 मीटर रेस , भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता , (एकल / ग्रुप) डांस तथा परियावरण अनुकूल फूलों की रंगोली का आयोजन किया गया | सभी प्रतिस्पर्धाओं में विद्यार्थिओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया | समस्त प्रतिस्पर्धाओं में विजयी (प्रथम, द्वितीय, तृतीय) प्रतिभागियों को विशिस्ट इनाम प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया | विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को अल्पाहार वितरित किया गया | सभी विद्यार्थियों ने इस एक दिवसीय कार्यक्रम के विषय वस्तु को ध्यानपूर्वक ग्रहण किया | साथ ही बाल दिवस की मधुर स्मृतियों का भी सृजन किया |